Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005
Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

>

Title : Regarding need to conduct a survey for laying of a new rail line between Wasim and Bedenira railway stations of South Central Railways.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : महोदय, दक्षिण मध्य रेलवे के वासिम रेलवे स्टेशन से बेडेनिरा रेलवे स्टेशन पर अगर एक रेलवे ट्रेक बन जाये तो उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के कई शहरों को जोडा जा सकता है और सबसे ज्यादा लाभ यह होगा कि उत्तर से दक्षिण जाने के लिए समय भी कम लगेगा। यह ट्रेक केवल 95 किलोमीटर का है। वासिम एवं बेडेनिरा के बीच घनेज स्थान पर एक बोटलिंग प्लांट कार्यरत है जिस पर बेडेनिरा से धनेज के बीच नयी रेलवे बिछाने की योजना विचाराधीन है। अगर इस नयी रेलवे लाइन को वासिम तक बढ़ाया दिया जाये तो ऐसे शहरों को रेलवे सुविधा भी मिल जायेगी, जो आजादी के 56 साल के बाद अभी तक नहीं मिल पायी थी। अगर इस मार्ग का सर्वे किया जाये तो यह तथ्य सामने आयेंगे कि उत्तर भारत, मराठावाडा एवं दक्षिण भारत के मुख्य शहरों को जोडा जा सकेगा और यात्रियों को कम समय पर अधिक दूरी की यात्रा का लाभ मिल पायेगा।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वासिम रेलवे स्टेशन से बेडेनिरा रेलवे स्टेशन के बीच नयी रेलवे लाइन का सर्वे किया जाये जो केवल 95 किलोमीटर की है।